# कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी०ए०डी० सर्किल, कोटा
Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com,


आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांकः– 9/6/25

क्रमांकः– ननि (दक्षिण) को/रा.मे.द./2025/2932–33

## –:: आम–सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 132वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025 का आयोजन नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु स्थाई आवंटियों को कच्ची भूमि एंव पक्की दुकानो/भूमि का आवंटन/झूला/फूड कोर्ट आवंटन एवं अन्य मेला परिसर में दुकानों का आवंटन दिनांक 12.06.2025 से 30.06.2025 तक राजीव गांधी भवन ब्लॉक "ए" द्वितीय तल के मीटिंग हॉल में किया जावेगा। आवंटन पश्चात् रिक्त रही कच्ची भूमि एंव पक्की दुकानो/भूमि का आवंटन/झूला/फूड कोर्ट का आवंटन मेलाध्यक्ष/मेला समिति के निर्णयानुसार स्थायी आवंटियों के आवंटन पश्चात् ही किया जावेगा। जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित करवा दी जावेगी। स्थायी आवंटियों को आवंटन फॉर्म राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा दक्षिण के ब्लॉक "ए" के हेल्पलाईन कमरा नं. 126 में 500/– निर्धारित शुल्क लेकर उपलब्ध कराया जावेगा। आवंटन का समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक रहेगा। राजकीय अवकाशों में आवंटन का कार्य नही होगा। स्थाई आवंटियों को निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उक्त समयावधि में आवेदन प्रस्तुत नही करने पर इसकी जिम्मेदारी स्थाई आवंटी की होगी।

1. वर्ष 2024 एक वर्ष की मूल रसीद की प्रतिलिपि (सत्यापित)।
2. आधारकार्ड की प्रति/पेनकार्ड/परिचय पत्र।
3. एक नवीनतम पासपोर्ट फोटो वर्ष 2025 की तारीख अंकित होना अनिवार्य।
4. स्थायी आवंटी को आवंटन के समय उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. अन्य शर्ते आवेदन पत्र के अनुसार लागू होगी।
6. मेला अवधि दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 तक मान्य होगी।

आयुक्त एवं मेलाधिकारी
नगर निगम कोटा दक्षिण

दिनांकः– 9/6/25

क्रमांकः– ननि (दक्षिण) को/रा.मे.द./2025/2932–33

प्रतिलिपिः–

1. पुस्तकालयाध्यक्ष नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त आम सूचना राज्य स्तरीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका एंव दैनिक नवज्योति में प्रकाशित करावें तथा इनकी प्रति राजस्व अनुभाग दक्षिण को भिजवावें।
2. गार्ड फाईल।

आयुक्त एवं मेलाधिकारी
नगर निगम कोटा दक्षिण